नीलामी विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय ,इलाहाबाद के पत्र संख्या-676/ इन्फ्रा-सेल दिनांकित 27.06.2022 के आदेश के अनुपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय देवरिया में स्थित 12 नग नवनिर्मित टाईप-V आवास के निकट स्थित दो अदद पुराने गैराज तथा एक अदद पुराना सर्वेन्ट क्वाटर, जिलाधिकारी आवास के सामने स्थित पुराना मुंसिफ आवास भवन, वन विभाग देवरिया के निकट स्थित चार अदद एवं एक अदद कुल पाँच अदद पुराना न्यायिक आवास भवन, सेशन्स हाउस परिसर में स्थित पुराने सेशन्स हाउस एवं दो अदद पुराने गैराज तथा एक अदद पुराना सर्वेन्ट क्वाटर एवं दीवानी न्यायालय परिसर स्थित पुराना साईकल स्टैण्ड के ध्वस्तीकरण की नीलामी दिनांक 10.08.2022 को सायं 4:30 बजे जनपद न्यायालय देवरिया के दस कक्षिय भवन के सभागार कक्ष में नीलामी समिति के समक्ष सम्पन्न होगी । इच्छुक फर्म / ठेकेदार प्रकाशन की तिथि से दिनांक-10.08.2022 तक अपराह्न 2:30 बजे से 4:30 बजे के बीच उप नाजिर से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में उक्त भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर शर्तो के अधीन नीलामी में भाग ले सकते है ।

नीलामी की शर्ते निम्नवत् हैः-

1- नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्येक भवनो हेतु निर्धारित आरक्षित मूल्य का 20% बतौर जमानत अग्रिम जमा करना होगा ।

2- -नीलामी में भाग लेने वाला व्यक्ति जनपद न्यायालय का कर्मचारी अथवा समिति का सदस्य या उनका कोई रिशतेदार नही होना चाहिए ।

3- नीलामी संतोषजनक सम्पन्न होने पर अंतिम बोली बोलने वाले बोलीकर्ता को सम्पूर्ण धनराशि एकमुश्त तत्काल जमा करना होगा ।

4- नीलामी स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष नीलामी समिति / माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया के पास सुरक्षित हैं ।

5- उपरोक्त शर्तों के उल्लघन करने पर नीलामी की कार्यवाही निरस्त किया जा सकता है ।

6- सफल बोलीकर्ता द्वारा अपने खर्चे पर मलवे को आवश्यक अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर अविलम्ब हटाना होगा ।

7-नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न होने पर नीलामी मे सफल बोली लगाने वाले को दो माह के भीतर मलबा हटाकर जमीन को समतल करना सुनिश्चित करें ।

(अशोक कुमार दूबे-II),	(अजय कुमार),	(इन्दिरा सिंह),
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति,	नीलामी समिति,	नीलामी समित
जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय
देवरिया ।	देवरिया ।	देवरिया ।

प्रतिलिपि निम्न को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-माननीय उच्च न्यायालय ,इलाहाबाद के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

2- जनपद न्यायाधीश देवरिया ।

3-अध्यक्ष , नीलामी समिति जनपद न्यायालय ,देवरिया ।

4- जनपद न्यायालय देवरिया के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।

5-कलेक्ट्रेट कचहरी के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु ।

6-स्थानीय समाचार पत्र मे प्रकाशनार्थ ।

7- कम्प्यूटर कक्ष/ सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय देवरिया को जनपद न्यायालय देवरिया के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु ।

8-केन्द्रीय नाजिर जजी देवरिया को जनपद के अन्य सार्वजनिक स्थलो पर चस्पा हेतु ।

03/08/22	3/8/22	3/8/22
(अशोक कुमार दूबे-II),	(अजय कुमार),	(इन्दिरा सिंह),
सदस्य,	सदस्य,	अध्यक्ष,
नीलामी समिति.	नीलामी समिति,	नीलामी समित
जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय,	जनपद न्यायालय
देवरिया ।	देवरिया ।	देवरिया ।